## एक नजर में

### सहायक कलेक्टर को सौंपे दायित्व

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक कलेक्टर सुशिर श्री कृष्ण श्री राम आई .ए .एस ., को पूर्व में सौंप गए दायित्वों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से अन्य शाखाओं का प्रभार भी सौंपा है। जारी आदेश अनुसार श्री सुशिर को सहायक संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, प्रभारी अधिकारी, कलेक्ट्रेट सहायक अधीक्षक शाखा तथा अधीक्षक भू अभिलेख का प्रभार सौंपा गया है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 12 .6 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 12 .6 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे पंधाना तहसील में 3 मिलीमीटर, खालवा में 8 मिलीमीटर, खण्डवा में 4 और पुनासा तहसील में 28 मिलीमीटर और हरसूद तहसील में 20 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 30 जुलाई तक 456 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 324 .8 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 374 मिली मीटर हरसूद तहसील में 343 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 245 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 281 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 381 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि .मी . है।

### मां नर्मदा सामाजिक सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु हरियाली यात्रा

**खंडवा।** विकासखंड खंडवा सेक्टर जावर के आदर्श ग्राम अटूट विजय में नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत नारी शक्ति के द्वारा पर्यावरण संवर्धन हेतु नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नवांकुर संस्था मां नर्मदा सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया। विकासखंड समन्वयक द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच जागेश्वर फूलमाली, वरिष्ठ समाज सेवी नरेंद्र सिंह सोलंकी, रानू चावड़ा, ममता बाई राजपूत उपस्थित रहे। ग्राम की नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़े उत्साह के साथ कन्याओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा बताया कि हम अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाए। जिस प्रकार से माता अपने बच्चों का लालन पालन करती है उसी प्रकार आपको इन पौधों का भी लालन पालन करना है। नवाकुर सखियों को अतिथियों द्वारा पौधारोपण भेट कर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी बाई राजपूत, ज्योति सोलंकी, अनिता राजपूत, इंदु बाई राजपूत, रूखमणी बाई राजपूत, रिंकु बाई राजपूत, मधु बाई, सपना बाई, अल्का, पूर्वी, सहित मेंटर्स राहुल राठवे का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था प्रभारी धनपाल सिंह सोलंकी द्वारा किया गया एवं आभार सचिव लल्लूसिंह सोलंकी ने माना।

### 1 अगस्त को होगी अमृतवाणी वर्षा

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल एवं श्री झूलेलाल समर्थ पैनल के सयुंक्त तत्वावधान में 40 दिनों तक पूज्य चालिहा महोत्सव के दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर आज गुरूवार 31 जुलाई को रात्रि 7 बजे बालकधाम प्रमुख स्वामी माधवदास उदासीन के सानिध्य में पर्व की आरती आयोजित होगी। वही नगर के श्रद्धालुओं पर 01 अगस्त शुक्रवार को गुजरात के परम पूज्यनीय साईं शहेरावाले जी व्दारा अमृतवाणी वर्षा होगी। आयोजनों का लाभ लेने की अपील मोहन दीवान, धनश्याम संतवानी, अशोक मंगवानी, व्दारकादास मोहननी, संजय सबनानी, निर्मल मंगवानी, राकेश पंजाबी, नरेश, किशोर लालवानी, राम वासवानी, निमिश रामसिधानी, मनोहर संतवानी, रवि गिदवानी, प्रदीप कोटवानी, रजत मंगवानी, राहुल गेलानी, अजय मंगवानी, विक्रम सहजवानी, अनिल सबनानी, चंद्रशेखर कारडा आदि सहित श्री झुलेलाल नवयुवक मंडल, श्री झूलेलाल समर्थ पैनल के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगण व्दारा की गयी है।

### प्रवेश हेतु 13 अगस्त तक करें आवेदन

**खंडवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना में प्रति वर्ष अनुसार सत्र 2026-27 के लिये कक्षा छटवीं में ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई थी, जो कि 13 अगस्त कर दी गई है। रजिस्ट्रेशन नि :शुल्क एडमिशन पोर्टल से किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन फार्मों की संख्या कम होने के कारण जिलेवार समीक्षा कर उतरोत्तर ऑनलाइन फार्म में जिले के कक्षा 5वीं के छात्रों के ऑनलाइन फार्मों में वृद्धि हेतु यह तिथि बढ़ाई गई है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा खण्डवा जिले के सभी 7 विकासखण्डों हरसूद, खण्डवा, पंधाना, छेगावमाखन, पुनासा, खालवा, किल्होद मुख्यालयों पर 13 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य श्री शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रवेश परीक्षा (कक्षा-6वीं), 2026 के लिए पात्रता अभ्यर्थी खंडवा जिले का निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी खंडवा जिले के किसी शासकीय/अर्धशासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में पूरे सत्र (2025-2026) में अध्ययनरत हो। जन्मतिथि दिनांक 1 मई, 2014 से 31 जुलाई, 2017 हो।

### 7 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

**खंडवा।** आगामी 7 अगस्त को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला का आयोजन शासकीय आई .टी .आई खण्डवा में प्रात :11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकी एव गैर तकनीकी क्षेत्र में 200 बेरोजगार युवक व युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10 वीं, 12वीं, आईटीआई, सभी ट्रेड में डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नाकोत्तर हो सकती है तथा आवेदक की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चयन होने पर वेतनमान 8000 रूपये से 20000 रुपये तक दिया जाएगा एवं अन्य सुविधा कम्पनियों के निमायानुसार रहेगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज के 4 फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड, के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### ओ .आर .एस . सप्ताह के तहत जिला अस्पताल में कार्यक्रम

**खंडवा।** ओ .आर .एस . सप्ताह 25 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा के शिशु रोग विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ . गरिमा अग्रवाल द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम में डायरिया से होने वाले डिहाइड्रेशन को रोकने हेतु ओ .आर .एस . एवं जिंक के महत्व के बारे में बताया गया। सिविल सर्जन डॉ . अनिरूद्ध कौशल ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों के अभिभावकों एवं परिजनों को जिंक की उपयोगिता तथा ओ .आर .एस . घोल तैयार करने की विधि समझाई गई और डायरिया के समय इनके समुचित उपयोग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डॉ . अनिल मोरी सहायक प्राध्यापक डॉ . खोज़िमा एवं डॉ . गायत्री जोराम, सीनियर रेज़िडेंट्स मौजूद थे।

# इंदिरा सागर के 12 और ओंकारेश्वर के 19 गेट खोले

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदानगर,ओंकारेश्वर। बुधवार को नर्मदा के दोनों अथाह जलराशि वाले बांध रौद्र रूप में दिखे। दोनों में 12500 क्यूमेक्स पानी आया। बरगी की ओर से इंदिरा सागर और इंदिरा सागर से ओंकारेश्वर बांध में पानी आ रहा है। यहां से गुजरात की ओर इतना ही पानी छोड़ा जा रहा है।**

इंदिरा सागर पावर स्टेशन नर्मदा नगर से बांध से बुधवार शाम 5 बजे के बाद 12 गेटों की मात्रा और बढा दी। इससे पानी का डिस्चार्ज 10600 क्यूमैक्स हो गया। विद्युत उत्पादन कर 1840, कुल मिलाकर 12500 क्यूमैक्स पानी का डिस्चार्ज नर्मदा नदी के निचले स्तर पर हो जाएगा।

### 12 गेट 3 मीटर तक खोले

इंदिरा सागर बांध में 20 गेट हैं, जिसमें से 12 गेटों को ही खोलकर पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। बुधवार दोपहर 2 बजे इन 12 गेटों को 3 मीटर तक बढा दिया गया था। जिससे पानी का डिस्चार्ज बांध एवं विद्युत गृह से 10000 क्यूमैक्स था।

### इंदिरा सागर बांध

ज्ञात रहे इंदिरा सागर बांध के 8 गेट रविवार प्रात: आधा मीटर से 1 मीटर तक खोले गए थे, 20 जुलाई को। इसी तरह ओंकारेश्वर बांध परियोजना से बुधवार शाम को 6.30 बजे के बाद गेटों की संख्या एवं जो गेटों में से पानी जा रहा है। उनकी मात्रा बढ़ाकर बांध से 10700 मैक्स पानी एवं विद्युत गृह से 1896 क्यूमैक्स पानी इस तरह ओंकारेश्वर बांध से 6.30 बजे के बाद 12599 क्यूमैक्स हो जाएगा। बांध के 19 गेट खुल गये। जिसमें से इन गेटों से आधा मीटर से लेकर 4 मीटर तक अलग-अलग गेटो से पानी जाएगा।

### 12600 क्यूमैक्स पानी गुजरात जा रहा

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए शाम 6.30 बजे से ओंकारेश्वर बाँध के 19 रेडियल गेटों से लगभग 10703 क्यूमेक्स एवं पावर हाउस से 1896 क्यूमेक्स अर्थात लगभग कुल 12599 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाएगा।

### ओंकारेश्वर का जलस्तर 195 से ऊपर

इधर, वर्तमान में ओंकारेश्वर बाँध का जलस्तर 195.95 मीटर है। बाँध के 19 गेट से लगभग 8248 क्यूमेक्स एवं पावर हाउस से 1896 क्यूमेक्स अर्थात लगभग कुल 10144 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है।

ओंकारेश्वर के बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि बुधवार शाम 5 बजे से अपस्ट्रीम स्थित इंदिरा सागर बाँध के गेटों से लगभग 10600 क्यूमेक्स एवं पावर हाउस से 1840 क्यूमेक्स अर्थात लगभग कुल 12440 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाना है।

### सभी घाट जलमग्न

ओंकारेश्वर बांध के गेट भी 20 जुलाई को खुले थे। ओंकारेश्वर बांध का जलस्तर बुधवार शाम को 195.95 मीटर है। ओंकारेश्वर बांध से ज्यादा मात्रा में पानी छोड़े जाने से कई घाट जलमग्न हो गए हैं। आज रात से और जलस्तर घाटों के आसपास बढ़ेगा और पानी ऊपर चढ़ेगा।

> **गेटों में से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ाई जा सकती है**
>
> बुधवार शाम को पानी का जलस्तर 259.98 मीटर पहुंच गया है। अगर पानी की रफ्तार इसी तरह चलती रही तो रात में भी संभावना जताई जा रही है कि गेटों में से पानी छोड़ने की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। हंडिया तरफ से जल पानी का डिस्चार्ज करीब 14000 क्यूमैक्स पानी की आवक बनी हुई है।

# 2 से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा "खंडवा का गौरव दिवस"

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आगामी 2 से 4 अगस्त के बीच खंडवा का गौरव दिवस संबंधित तीन दिवसीय आयोजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में तय किया गया कि खंडवा का गौरव दिवस कार्यक्रम 2 अगस्त सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा तथा पहले दिन चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सुबह नगर निगम से केवलराम चौराहे तक "खंडवा रन" दौड़ होगी। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएंगे। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी 2 अगस्त को प्रात : 11 बजे से पुरानी अनाज मंडी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके लिए डाऊइंग शीट मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएगी तथा कलर विद्यार्थियों को घर से लाने होंगे। इसी दिन शाम को वॉइस आफ खंडवा प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले गौरीकुंज सभाकक्ष में आयोजित होगा।

आयोजन के दूसरे दिन 3 अगस्त को सुबह 7 :30 बजे से स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा नगर निगम कार्यालय के सामने बने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी दिन शाम को नगर निगम खंडवा और घंटाघर क्षेत्र में फूड फेस्टिवल आयोजित होगा, जिसमें ग्रामीण आजीविका परियोजना के महिला स्वसहायता समूह, इनर व्हील क्लब के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य व्यवसाइयों द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस दौरान आगामी 3 अगस्त की शाम को ही घंटाघर चौराहे पर बैंड प्रस्तुति होगी, जिसमें किशोर कुमार के गीत बजाये जाएंगे। इसके साथ ही एक क्विज प्रतियोगिता तथा आतिशबाजी प्रदर्शन भी किया जाएगा।

आयोजन के तीसरे दिन 4 अगस्त को सुबह 7 :30 बजे से स्वर्गीय किशोर कुमार के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि व संगीतमयी श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसका आयोजन नगर निगम और प्रेरणा मंच संयुक्त रूप से करेंगे। इसी दिन 4 अगस्त को ही पुरानी अनाजमंडी से 卐गौरव यात्रा卐 विभिन्न झांकियों के साथ दोपहर में 12 से 2 बजे के बीच ग्रैंड कार्निवाल का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा गणगौर नृत्य, आदिवासी लोक नृत्य जैसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएंगे। गौरव यात्रा पुरानी अनाज मंडी से घंटाघर चौराहा, केवलराम चौराहा, रेलवे स्टैंड, बस स्टैंड, कोतवाली होते हुए नगर निगम तिराहे पर संपन्न होगी। आगामी 4 अगस्त को शाम 5 बजे गौरीकुंज सभागृह में पुस्तक लेखक श्री अनिरूद्ध भट्टाचार्य एवं श्री पार्थिव धर किशोर कुमार के जीवन परिचय से संबंधित जानकारी देंगे। रात्रि 7 :30 बजे से किशोर म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 1 लाख रूपये का किशोर गौरव सम्मान दिया जाएगा।

बैठक में महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत के सीईओ डॉ . नागार्जुन बी . गौड़ा, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे और एसडीएम खंडवा बजरंग बहादुर मौजूद थे।

# श्रावण के इस पवित्र माह में शिवालयों में हो रही है पूजा अर्चना

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** श्रावण के इस पवित्र माह में चारों ओर ओम नम: शिवाय बोल बम के उद्घोष के साथ श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच कर परिवार एवं सभी के कल्याण के लिए भोले बाबा को जल चढ़ाकर पूजा अर्चना कर रहें हैं। श्रावण सोमवार के दिन तो धार्मिक उत्साह और ज्यादा बढ़ जाता हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शहर के जसवाड़ी रोड स्थित श्री नंद विहार कॉलोनी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पार्क के मंदिर में भगवान भोलेनाथ शिव परिवार की स्थापना की जाकर मंदिर में विराजित की गई थी। शिवरात्रि से अब तक मंदिर में भगवान श्री नंदेश्वर महादेव का प्रतिदिन श्रृंगार किया जा रहा है। सावन मास में भोलेनाथ के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरुष कहां पहुंच रहे हैं। सावन मास की प्रथम सोमवार को मातृशक्ति द्वारा कॉलोनी से महादेवगढ़ तक कांवड़ यात्रा निकाली गई। वहीं कालोनी के पुरुषो द्वारा तीसरे सोमवार के 1 दिन पहले रविवार को मंदिर से कांवड़ यात्रा के माध्यम से ब्रह्मगीर महाराज की गादी स्थित बावड़ी से पवित्र गंगाजल कावड़ में लेकर पैदल चलकर भगवान नंदेश्वर को अर्पित किया गया।

मंदिर में सावन मास हर सोमवार महाआरती की जा रही है। जिसमे मातृ शक्ति अपने घरों से दो दीपक ले कर आरती में शामिल हो रही हैं। बड़ी संख्या में कलोनीवासी प्रतिदिन आरती में सम्मिलित हो कर भगवान भोलेनाथ की भक्ति कर रहें हैं। समाजसेवी सुनील जैन बताया की मंदिर कालोनी वासियों के सहयोग निर्मित किया गया है। मंदिर में भक्तों की बैठक व्यवस्था के लिए शहर के समाजसेवी एवं दानदाता जतिन पटेल द्वारा स्व. छोटू भाई पटेल की स्मृति में बेंचै दान की गई है जहां श्रद्धालु और बुजुर्ग बैठकर भी भगवान का ध्यान कर सकते हैं।

समाजसेवी जतिन पटेल द्वारा शहर के कई मंदिरों, उद्यानों, अस्पताल, सेवा केंद्रो पर सैकड़ो की संख्या में आरामदायक सीमेंट की बेंचै प्रदान की गई है। और इस प्रकार का सेवा प्रकल्प जतिन पटेल परिवार का निरंतर जारी है। बेंचौ के साथ ही बड़ी संख्या में शहर में पशु पक्षियों के पानी पीने के लिए सीमेंट की टंकियां भी वितरित की गई है। कॉलोनी वासियों ने पटेल परिवार के इस सहयोग और दान के लिए उनका आत्मीय आभार व्यक्त किया है।

# मनाया अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस,मित्रता निभाने का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मित्रता जीवन का एक ऐसा रिस्ता है जो परिवारवाद, जातिवाद और भेदभाव से परे होकर निस्वार्थ रूप से दिलों में बसता है। मित्रता एक दूसरे की भावनाओ और विचारों से जुडने का सेतु है। आज के समय सच्चा मित्र मिलना मुश्किल है। यह बात सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने मालीकुआं स्थित मंच कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के मौके पर सभी को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर बधाई देकर मिठाई खिलाते हुए कही।

यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच के उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को पुष्प भेजकर मित्रता कायम रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, केबी मंसारे, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, अशोक पारवानी, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, कमल नागपाल, आकांक्षा सिसोदिया, नदीम रायल, मनीष गुप्ता, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सदस्य उपस्थित थे।

**"नशामुक्ति जागरूकता अभियान"** **कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई**

# "नशे से दूरी है जरूरी",खंडवा जिले को नशामुक्त बनायेंगे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। "नशा ही नाश का द्वार है" केवल मजबूत इच्छा शक्ति से ही नशे से मुक्ति पाई जा सकती है। यह बात नशा मुक्ति अभियान के समापन अवसर पर किशोर कुमार सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव ने कही।**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी बानखेड़े ने कहा कि नशा एक बहुत बड़ी सामाजिक बुराई है। नशे से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाए जाने की विशेष आवश्यकता बताई। श्रीमति वानखेड़े ने अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया कि ग्रामीण क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाने की आवश्यकता है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नशीले पदार्थों से केवल थोड़े से समय के लिए खुशी मिलती है, और इस खुशी के चक्कर में लोग नशे के जाल में फंसते जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और उनके पालकों के बीच संवाद हमेशा कायम रहना चाहिए, ताकि बच्चा अपनी समस्या अपने माता-पिता को बता सके। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद कम होता है, उन परिवारों के बच्चे डिप्रेशन में आ जाते हैं और नशे के जाल में उलझ जाते हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपील की है कि नशीले पदार्थों के साथ-साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से भी विद्यार्थी दूरी बनाते हुए अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही लगाएं।

पुलिस अधीक्षक श्री राय ने इस अवसर पर कहा कि नशा और नशीले पदार्थों का विरोध करें, नशीले पदार्थ बेचने वालों की शिकायत पुलिस से करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर खंडवा जिले को नशा मुक्त बनाना है। नशा देश की गंभीर समस्याओं में से एक है। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों में पब कल्चर बढ़ता जा रहा है और युवा नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर मध्य प्रदेश पुलिस ने 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान गत 15 जुलाई को शुरू किया था। यह अभियान सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण सहित विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश बानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ . नागार्जुन बी .गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, नगर निगम के अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर तथा डॉ .नीता मालवीय सहित विभिन्न अधिकारी, स्कूली विद्यार्थी तथा जागरूक नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

### प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

नशा मुक्ति अभियान के समापन अवसर पर इस अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कुमारी गायत्री राठौड़ को, द्वितीय स्थान के लिए लक्ष्मी नारायण राजपूत तथा तृतीय स्थान के लिए खुशी पटेल को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हरम हुसैन, द्वितीय स्थान पर समीक्षा पालीवाल, तृतीय स्थान पर संजना बिलाहे रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक पाल, द्वितीय स्थान भूमिका दिलावरे तथा तृतीय स्थान यश उपाध्याय ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती जगताप तथा द्वितीय स्थान पर दामिनी कनाडे रहीं। सभी विजेताओं को अतिथियों ने पुरूस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। जूनियर वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शबाना एजाज, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम राम यादव, द्वितीय अयान तथा तृतीय हसनेन अली रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम देवराज महेश, द्वितीय मोहम्मद आदिल तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अभिलाषा ने प्राप्त किया। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान के दौरान सराहनीय कार्य करने पर आरक्षक अरविंद, उप निरीक्षक सुभाष नावडे एवं भीमराव अटकडे, यातायात प्रभारी संदीप पंवार, नगर निगम के मोहन राकाडे, दिव्य शर्मा तथा पूर्वक रामटेके एवं उदय सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।